तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 6 सितंबर 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

13
मटका फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
06 सितम्बर 2026
कूपन नं.
15

खबर संक्षेप

सरपंच की पहल से बरदा की गलियां हुईं कीचड़ मुक्त



मुंडा। ग्राम पंचायत बरदा की सरपंच देव कुमारी दुकालू बंजारे की कार्य कुशलता के चलते गांव के हर गली में जिरा गिट्टी डालकर कीचड़ मुक्त कर दिया गया है। कई गली में पानी भर जा रहा था उसी के ऊपर चलना पड़ता था जो अब लोगों को राहत मिल रहा है।

बड़ेसाजापाली में मारपीट

महासमुंद। ग्राम बड़े साजापाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया के 3 सितंबर की रात 9 बजे प्रार्थी पीतांबर दास ने उसके घर के पास गाली गलौज कर रहे उत्तम सिदार, करम सिंह सिदार, कमलेश सिंह सिदार, सोम सिदार को मना किया, जिस पर आरोपियों ने गाली गलौज कर पीतांबर के साथ मारपीट कर दी।

पर्व : श्री महावीर देव मंदिर में धूमधाम से मना जन्माष्टमी उत्सव

आधी रात तक भक्तिमय संगीत में डूबे श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के बजरंग चौक स्थित श्री महावीर देव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भजन-कीर्तन एवं भक्ति संगीत कार्यक्रम में श्रद्धालु देर रात तक भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन रहे। रात्रि 8 बजे से शुरू हुआ भजन-कीर्तन का सिलसिला अर्द्धरात्रि 1 बजे तक चला। ग्राम जुड़ा की संगीत टोली के द्वारिका वर्मा एवं साथियों तथा बलौदाबाजार की भजन मंडली के लक्खू जायसवाल व साथी कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं का लगातार आवागमन बना रहा।

रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के अवसर पर मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान की स्तुति एवं जयघोष के साथ जन्मोत्सव की खुशी मनाई और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर के सर्वराकार पं. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि उनके परिवार द्वारा पिछले कई वर्षों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर तन-मन-धन से स्वेच्छापूर्वक सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम 4 बजे मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की छठ्ठी का कार्यक्रम महिलाओं द्वारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।







दही हांडी में शांति नगर प्रथम, मटका फोड़ में मनिरत्न विजेता



पलारी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पलारी नगर के बाजार चौक में शुक्रवार को भव्य दही हांडी प्रतियोगिता एवं बाल उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास, उमंग और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण दही हांडी प्रतियोगिता रही। ऊंचाई पर बांधी गई दही हांडी को फोड़ने के लिए युवाओं की टीमों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ मानव पिरामिड बनाया। एक-दूसरे के कंधों पर चढ़ते हुए प्रतिभागियों ने टीम भावना, साहस, एकजुटता और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में दो टीम शांति नगर, बाजार चौक, श्रीराम की सेना वार्ड क्र 13 एवं वार्ड क्र 07 की टीमो ने हिस्सा लिया।जिसमे प्रथम पुरस्कार 5 हजार रुपए शांति नगर की टीम ने हासिल किया। वहीं आंख बंद मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर मटके को फोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान दर्शकों में भी खूब उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों को मटके तक पहुंचाने और सही दिशा बताने को लेकर दर्शकों की आवाजों से वातावरण रोमांचक बना रहा। प्रथम पुरस्कार 1001रु मनिरत्न वर्मा एवं द्वितीय पुरस्कार 501रु मन्नू साहू ने हासिल किया। वहीं कार्यक्रम का एक और विशेष आकर्षण 1 से 8 वर्ष तक के बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही। नन्हे बच्चे भगवान श्रीकृष्ण, राधा एवं विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में सजकर कार्यक्रम में पहुंचे।

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

2 अपचारी बालकों सहित 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त कानून

- आरोपियों से चोरी की गई टीवी, मिक्सी, तांबे-पीतल-कांस्य के बर्तन, नगदी रकम एवं बाइक बरामद

† कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना गिधौरी (टुण्डरा) पुलिस द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 03 आरोपियों (जिसमें विधि से संघर्षरत 02 बालक शामिल हैं) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। 4 सितंबर को प्रार्थी मनमोहन यादव (निवासी ग्राम बलौदा) द्वारा थाना गिधौरी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम बलौदा स्थित उनके बड़े भाई राजू यादव के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा अलमारी व पेटी में रखे पीतल, तांबे व कांस्य के बर्तन, टीवी, मिक्सी सेट एवं मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में

अपराध ⏭ शेष पेज 13 पर

महिला से छेड़खानी और मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर



पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उनके विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों पर त्वरित व सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा महिला से बदसलूकी, छेड़खानी एवं मारपीट करने वाले आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। जानकारी अनुसार 4 सितंबर को पीड़िता द्वारा थाना गिधपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी शेरसिंह उर्फ प्यारे कोशले ने उसे अकेली देखकर बुरी नीयत से इशारा बाजी करते हुए छेड़खानी की। आरोपी ने पीड़िता का हाथ पकड़कर खींचा और बेइज्जत करने का प्रयास किया। जब पीड़िता ने अपना हाथ छुड़ाने की कोशिश की, तो आरोपी ने सामने आकर अश्लील

शेष पेज 13 पर



खबर संक्षेप



बरडीहा स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

खरोरा। संकुल केंद्र घिवरा के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीहा में शिक्षक दिवस डॉ. राधाकृष्णन के याद में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। साल के शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि एक छात्रा के जीवन पर शिक्षक का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है इसके साथ ही शिक्षक देश की भविष्य छात्रों के साथ-साथ राष्ट्र का निर्माण का मार्ग तैयार करता है राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान को स्वीकार करने और सम्मान देने के लिए ही शिक्षक दिवस मनाया जाता है। साल के शिक्षक चरित्र कुमार ध्रुव और संजय बंछोर ने आगे बच्चों को बताया कि भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शिक्षक जीवन के अंधकार को मतकर ज्ञान का प्रकाश फैलता है, बच्चों को अच्छे संस्कार और अनुशासन बनाते हैं एवं एक अच्छे भविष्य का निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षक दिवस पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं शिक्षकों को भेंट स्वरूप छात्र-छात्रों ने कलम दिया। इस कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक हेमकुमारी साहू, भेष कुमार महिलांग एवं मीनाक्षी सिरमौर आदि उपस्थित रहे।

राम सप्ताह जुलूस मेले में पेयजल वितरण



भाटापारा। राम सप्ताह जुलूस मेले के पावन अवसर पर राम नारायण शिक्षण संस्थान, कमलाकांत शुक्ला इंस्टिट्यूट के द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निःशुल्क पेयजल वितरण शिविर का आयोजन किया गया।जुलुस में अलग-अलग गांव से आई हुई राम नाम की टोलियों एवं दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल का विशेष इंतजाम किया गया। उमस गर्मी को देखते हुए संस्थान द्वारा राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराकर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस सेवा कार्य में संस्थान के अध्यक्ष मनीष शुक्ला, उपाध्यक्ष कौस्तुभ शुक्ला, सहायक प्राध्यापक वैभव गुप्ता, अजय बंजारे, मोरध्वज जायसवाल, मयंक सिंह, गौकरण यादव सहित संगीता वर्मा सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

बच्चों ने झांकी व नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को किया मंत्रमुग्ध



लवन। नगर में संचालित शहीद वीर नारायण विद्यालय के बच्चों ने शिक्षक दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का समारोह धूमधाम से मनाया। वहीं विद्यालय के छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के श्रीकृष्ण के जीवन की झांकी एवं समूह नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं विद्यालय के बड़े बच्चों ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को समर्पित समूह नृत्य, भजन व भाषण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य लक्ष्मी सोनवानी ने शिक्षा व शिक्षक का समाज के प्रति दायित्व एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक अजय श्रीवास, टिकेश्वर डहरिया, भारत निषाद, अनित निषाद शिक्षिका हसीना कुर्रे, माधुरी रजक, पूर्वी पाण्डेय, सानिया साहू, भारती साहू, पूजा वर्मा, ने भी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया और साथ ही यह शपथ भी ली कि वे तत्परता और लगन के साथ विद्यार्थियों को शिक्षित करते हुए एक स्वच्छ, सुन्दर समाज का निर्माण करेंगे।

शिक्षक दिवस : पुलिस ने शिक्षक बनकर विद्यार्थियों को बताए ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके

पुलिस बनी साइबर शिक्षक, बच्चों को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

शिक्षक दिवस पर तिल्दा-नेवरा पुलिस का एक अलग और सराहनीय रूप देखने को मिला। स्कूल में वर्दीधारी पुलिसकर्मी सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था संभालने नहीं, बल्कि 'साइबर शिक्षक' बनकर विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा का पाठ पढ़ाने पहुंचे। थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरस्वती शिशु मंदिर सासहोली में पहुंचकर अलग-अलग कक्षाओं में विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें साइबर अपराधों से बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस टीम के बी एल देवांगन, पीएसआई, पी एस आई रानू साहू और आरक्षक किशोर शर्मा ने अलग-अलग कक्षाओं में शिक्षक की भूमिका निभाते हुए बच्चों को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने बच्चों को सरल भाषा में समझाया कि मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय छोटी सी लापरवाही भी बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। पुलिस ने विद्यार्थियों को समझाया कि ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी और अन्य गोपनीय जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। अनजान नंबर से आने वाले फोन, संदिग्ध लिंक, फर्जी कॉल, अनजान एपीके फाइल और वीडियो कॉल के जरिए होने वाले साइबर फ्रॉड से भी सतर्क रहने की सलाह दी गई। बच्चों को बताया गया कि मोबाइल में कोई भी एप्लीकेशन डाउनलोड करते समय सावधानी बरतें और एप केवल अधिकृत प्ले स्टोरया एप स्टोरसे ही डाउनलोड करें। पुलिस ने विद्यार्थियों से कहा कि यदि कोई अनजान व्यक्ति लालच, डर या जल्दबाजी पैदा कर उनसे जानकारी हासिल करने की कोशिश करे तो तत्काल अपने अभिभावकों या शिक्षकों को इसकी जानकारी दें।

साइबर ठगी का शिकार होने की स्थिति में तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करने की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। पुलिस ने बताया कि ठगी के बाद जितनी जल्दी शिकायत की जाएगी, रकम को रोकने की संभावना उतनी ही बेहतर हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी सहित थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस टीम के जवान उपस्थित रहे। पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों के साथ सहज अंदाज में संवाद किया और उनके सवालों के जवाब देकर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक दिवस पर पुलिस का यह अनूठा अंदाज विद्यार्थियों के लिए भी खास रहा। जहां आमतौर पर पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की भूमिका में नजर आते हैं, वहीं इस दिन उन्होंने शिक्षक बनकर बच्चों को साइबर अपराध से बचने का ज्ञान दिया। कार्यक्रम का समापन "साइबर शिक्षा से ही साइबर सुरक्षा" के संदेश के साथ हुआ।

साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक





घर जाकर माता-पिता को भी करें जागरूक

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को केवल स्वयं सुरक्षित रहने की सीख ही नहीं दी, बल्कि उन्हें साइबर जागरूकता के संदेशवाहक बनने के लिए भी प्रेरित किया। पुलिस ने कहा कि बच्चे घर जाकर अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को भी ओटीपी, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से होने वाली ठगी के बारे में जानकारी दें।

शिक्षक दिवस पर गूंजा राष्ट्रसेवा अनुशासन और संस्कार का संदेश

सिमगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा में पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में फौज से सेवानिवृत्त अधिकारी निलेश तंबोली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता शाला समिति अध्यक्ष दिनेश पाटकर विशेष अतिथि एल्डरमैन परस पाटकर, प्राचार्य आशुतोष शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि निलेश तंबोली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेना के जवान के लिए राष्ट्र सर्वोपरि होता है। अनुशासन, देशप्रेम तथा संविधान और देश की जनता की रक्षा करना प्रत्येक सैनिक का प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है और आज इसी विद्यालय में मुख्य अतिथि बनने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। उन्होंने अपने शिक्षकों को याद करते हुए कहा कि गुरुजनों द्वारा दिए गए संस्कार, शिक्षा और अनुशासन ने उन्हें सेना में जाकर देशसेवा करने के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि परस पाटकर ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि उनका जन्म देश की गुलामी के दौर में हुआ था। वे बचपन से ही मेधावी विद्यार्थी रहे और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



शिक्षकों का हुआ सम्मान



पलारी। शनिवार को डॉ. श्री राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधपुरी में छात्र संघ के अगुवाई में शाला अध्यक्ष भावेश वर्मा, उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार मार्शल, सांस्कृतिक सचिव संगीता जायसवाल व छात्र प्रतिनिधी चेतना यादव व यशस्वी भतपहरी तथा शाला के सभी छात्र सदस्यों के सहयोग से शाला में शिक्षक दिवस का आयोजन कर सभी शिक्षको को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के प्राचार्य कुन्ज बिहारी बोस व शिक्षकगण सरोज चौधरी, अश्वनी नवरत्न, बीरचंद माण्डले, राधेश्याम खरे, दलीप कुमार आडिल, राकेश कुमार साहू, शिव कुमार बघेल, सुधेलाल डहरिया, रीटा मानिकपुरी, बबली साहू व दिव्या गायकवाड़ समेत शाला परिवार के सभी सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सभी शिक्षको ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया व अच्छे भविष्य की मजबूत नींव रखने के लिए अपने वक्तव्यों से सभी शिक्षकगणों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया तथा सीखने की क्षमता व अन्य विषयों विविध प्रसंगो व उदाहरणो के माध्यम से अपने विचार रखकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया, साथ ही छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को खेल गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बना दिया।

ज्ञानोदय शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का हुआ सम्मान

हिरमी रावन। ज्ञानोदय शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय हिरमी में शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा एवं शिक्षक सम्मान की गरिमामयी झलक देखने को मिली। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं तिलक लगाकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ तथा पेन भेंट कर सम्मान किया। विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने और उनके विचारों को अपने जीवन में अमल करने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक प्रहसन, गीत, कविता एवं भाषण के माध्यम से शिक्षक के महत्व और गुरु-शिष्य संबंध की सुंदर अभिव्यक्ति की। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अतिथियों का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शिक्षकों ने भी प्रतियोगिताओं में लिया उत्साह से भाग शिक्षक दिवस को यादगार बनाने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इससे समारोह का माहौल और भी आनंदमय हो गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य पीआर वर्मा ने बताया शिक्षक का महत्व विद्यालय के प्राचार्य पी. आर. वर्मा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, व्यक्तित्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार, विवेक, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी शिक्षक दिवस की महत्ता, अपने अनुभवों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।



अमसेना स्कूल में शिक्षकों को किया सम्मानित

खरोरा। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक, प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के अवसर पर गुरु घासीदास जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमसेना में शिक्षक दिवस बड़ी ही हर्षोल्लास और गरिमा पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर संस्था के शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सराहने के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे सम्मान के साथ शिक्षक कक्ष से मंच तक कतारबद्ध होकर पुष्प बरसाते हुए स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर केक काटकर किया गया। संस्था में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए अपने अपने विचार प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए उद्बोधन विचार भाषण सभी लोगों का मन मोह लिया। वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों ने प्रतीकात्मक रूप से एक दिन के लिए शिक्षक की भूमिका निभाकर शिक्षण कार्य की बारीकियों और जिम्मेदारियो का अनुभव किया। तथा विद्यालय में प्रतिमाह सर्वाधिक उपस्थिति वाली छात्र छात्राओं को मंच में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. दिलीप झा ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते बल्कि वे राष्ट्र के भविष्य और विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करते हैं ,एक सशक्त समाज के निर्माण में गुरुओं की भूमिका सर्वोपरि है।



छात्रों ने सेवानिवृत शिक्षक का किया सम्मान

संडी बंगला। शिक्षक दिवस पर छात्रों ने सेवानिवृत गिर्रा निवासी शिक्षक माखन लाल वर्मा को भगवान गणेश की प्रतिमा एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। श्री वर्मा ने बताया वर्ष 1973 से 2013 तक विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत रहे। वहीं प्राथमिक विद्यालय मुड़पार संडी में 16 वर्ष तक प्रधानपाठक के रूप में सेवाएं दी थी। श्री वर्मा ने शिक्षा के प्रति अनेक कार्य किए। श्री वर्मा ने अनेक लोगों को शिक्षा प्राप्ति जागरूक कर घर-घर में जाकर बच्चों को स्कूल जाने प्रेरित किया। वहीं वर्मा के बड़े सुपुत्र डॉ. लोकेश वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. रोशन वर्मा एमडी के रूप स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा दे रहे है। मुलाकात के दौरान श्री वर्मा ने कहा कि आज का दिन उनके लिए अविस्मरणीय है। वर्षों बाद अपने छात्रों से मुलाकात कर उन्हें बहुत अच्छा लगा। श्री वर्मा के पढ़ाए हुए छात्र-छात्राएं आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर पहुंचे हेमेश चेरियन ने कहा कि श्री वर्मा हमेशा हमारे मार्गदर्शक रहे। इस अवसर पर कुणाल वर्मा अजय मारकंडे, हेमेश चेरियन, दुष्यंत वर्मा, युवराज चेरियन, आयुष टंडन, प्रशांत साहू सोमू कोटरे, होरीलाल यादव, मनीष सोंनकेवरे सहित छात्र उपस्थित थे।




सशिमं कर्मदा में शिक्षक दिवस मनाया गया

रवान। सरस्वती शिशु मंदिर कर्मदा में शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक उपस्थित रहे। श्यामलाल गुरु पूर्व प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कर्मदा, पूर्व प्रधान पाठक सुरेश कुमार, गुरुजी श्री जे आर ध्रुव, गुरुजी प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, मलदी महावीर साहू प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड गरियाबंद संकुल प्राचार्य श्री श्री एन पी पटेल, संकुल समन्वयक रामनारायण वर्मा, इंद्र कुमार शुक्ला प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धवई, गंगारामजी, यदुनाथ साहू व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल कर्मदा के साथ-साथ राजेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ सरस्वती शिशु मंदिर कर्मदा उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार ठाकुर कार्यालय प्रमुख सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा किया गया । इन सब की उपस्थिति में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ।



छुईहा में हर्षोल्लास से मना शिक्षक दिवस

बिलाईगढ़। पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर केक काटकर खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में प्रधान पाठक अरुण कुमार टण्डन, त्रिलोक हरिप्रिय, राकेश जाटवर तथा ग्राम पंचायत छुईहा के सरपंच धनीराम बंजारे सहित विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की नींव भी तैयार करते हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और शिक्षकों के प्रति अपना स्नेह एवं सम्मान प्रकट किया। समारोह का वातावरण पूरे समय उत्साह, उमंग और आत्मीयता से भरा रहा। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच आपसी स्नेह एवं सम्मान को और मजबूत किया।



न्यू लाइफ वेलफेयर सोसायटी नेबच्चों को पेन-कॉपी वितरित किए



पलारी। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस एवं शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर न्यू लाइफ वेलफेयर सोसायटी बिनौरी द्वारा ग्राम जंगलोर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को कॉपी- पेन वितरण किया। सोसायटी के अध्यक्ष रेव शीतल कुमार ने शिक्षकों के सम्मान में गुरु वंदना कर शिक्षा के प्रति जागरूकता का लोगों को संदेश दिया गया। जिसमें ग्राम सरपंच हरेलिया पात्रे, खिलेंद्र पात्रे, जगतारण कोसले, भगवानदास पात्रे और शाला के प्रधान पाठक सोमनाथ साहू, शिक्षक सुनीता गेंडरे, ज्योति तेहरवंश, सत्यनारायण शर्मा, जीतकुंवर कुर्राम, मनराखन मनहरे, प्राणदास गेंडरे, अनिल कुमार आडील सोसायटी के सदस्य शिवकुमार साहू, डोमन प्रसाद, महेश्वर श्रीवास, मूलचंद बघेल, लक्ष्मी बघेल, जितेन्द्र चेलक, राजेश श्रीवास आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

खरोरा । शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भरुवाडीह कला में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे एवं शाला विकास समिति द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को मोमेंटो, श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार एवं जीवन-मूल्यों की सीख देकर उनका भविष्य संवारना शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। शाला विकास समिति के सदस्यों ने भी शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके द्वारा विद्यालय एवं विद्यार्थियों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।



हिरमी में विद्यार्थियों को वितरित की गई शिक्षा सामग्री



हिरमी रावन। हिरमी सीमेंट वर्क्स की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत शुक्रवार को हिरमी स्थित सीएसआर केंद्र में शिक्षा सामग्री वितरण एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं से 12वीं तक कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों तथा कक्षा 5वीं के नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को आवश्यक शिक्षा एवं अध्ययन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रवि परमार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा की बेहतर तैयारी, नियमित अध्ययन, अध्ययन की प्रभावी रणनीति तथा भविष्य के कैरियर विकल्पों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, निरंतर मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास अधिकारी वैभव त्रिपाठी एवं आशुतोष खरे सहित शिक्षक एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 78 विद्यार्थी अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक तैयारी, आत्मविश्वास एवं भविष्य के कैरियर विकास को मजबूत करना है। विशेष रूप से नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। हिरमी सीमेंट वर्क्स द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।

संडी में मनाई गई गुरु बालकदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला



सतनाम समाज संडी परिक्षेत्र द्वारा राजगुरु बाबा बालकदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास बाबा की गुरु गद्दी में पालो चढ़ाकर की गई। इसके बाद राजगुरु बाबा बालकदास के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, सतनाम रामायण एवं भारतीय संविधान की पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

प्रगतिशील सतनामी समाज पलारी ब्लॉक अध्यक्ष महेश ढीढ़ी ने कहा कि गुरु बालकदास के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उनके विचारों को आत्मसात कर समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। इससे समाज की सामाजिक रीढ़ मजबूत होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को कलेक्टर, डॉक्टर, इंजीनियर सहित विभिन्न उच्च पदों पर पहुंचकर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. नकुल बंजारे, महेश ढीढ़ी, फूलचंद घृतलहरे, राजू मनहरे, मोहर चतुर्वेदी, भवदास मंगेश, देवप्रसाद मारकंडे, शिवचरण सुरतांगे, महेंद्र चेरियन, होरीलाल नवरंगे, धनसाय घृतलहरे, नीलकमल आजाद, अशोक बांधे, त्रिलोचन चतुर्वेदी, बदरीप्रसाद टंडन, महेंद्र सुरतांगे, मंजीत चतुर्वेदी, गब्बर बंजारे, अजय मारकंडे, निखिल मारकंडे, रोहित पुरेना, देवा टंडन, गुरुचरण घृतलहरे सहित समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

राधा-कृष्ण मंदिर में मेधावी छात्रों का सम्मान

तिल्दा-नेवरा। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर तिल्दा-नेवरा के श्री राधा-कृष्ण मंदिर बनियापारा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता रिंकू रमेश अग्रवाल एवं कांग्रेस नेता दुर्गेश नसीने विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर परिवार की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कक्षा 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों यश शर्मा, आदित्य अग्रवाल, ईशान केसरवानी, अमन अग्रवाल एवं आकाश तिवारी तथा कक्षा 10वीं के छात्र श्रेयांश केसरवानी और अविचल शर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमेश अग्रवाल ने कहा कि जन्माष्टमी जैसे पावन पर्व पर प्रतिभावान बच्चों का सम्मान होना इससे अधिक शुभ अवसर नहीं हो सकता। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी तरह पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें, ताकि भविष्य में भी उन्हें सम्मानित करने का अवसर मिले। वहीं दुर्गेश नसीने ने कहा कि राधा-कृष्ण मंदिर परिवार द्वारा हर वर्ष क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाता है। इस तरह के आयोजन से बच्चों का उत्साह बढ़ता है और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है।



खबर संक्षेप




सफायर ग्रीन कॉलोनी में बच्चों ने घर-घर जाकर बांटे चॉकलेट

खरोरा। सफायर ग्रीन कॉलोनी में इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बेहद उत्साह और अनूठे अंदाज़ में मनाया गया। कॉलोनी के बच्चों ने आपसी सहयोग और बाल गोपाल के प्रति अपनी श्रद्धा का परिचय देते हुए एक सराहनीय पहल की। पर्व के पावन अवसर पर कॉलोनी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक टोली बनाकर घर-घर जाकर संपर्क किया। बच्चों ने पारंपरिक उल्लास के साथ सभी घरों के सदस्यों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाइयां दीं और उन्हें चॉकलेट वितरित कीं। बच्चों के इस उत्साह और उनकी प्यारी मुस्कान ने कॉलोनीवासियों का मन मोह लिया। घर-घर जाकर चॉकलेट बांटने वाले बच्चों का कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों और रहवासियों ने स्वागत किया और उन्हें इस सुंदर प्रयास के लिए आशीर्वाद दिया। इस आयोजन से पूरी कॉलोनी में उत्सव का माहौल बन गया और सभी ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को बेहद आनंद के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अर्थ गोयल, दर्शिक महेश्वरी, भव्य महेश्वरी, नैना शर्मा, पलक शर्मा, अन्वी जिंदल मौजूद रहे।

मनीष वर्मा का एमबीबीएस के लिए चयन

पलारी। कहते हैं अगर कोई मुकाम हासिल करना है तो लक्ष्य बनाकर सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से हर सफलता हासिल किया जा सकता है, ऐसा ही कारनामा किया है मनीष वर्मा ने उन्होंने ऑनलाइन पढ़ाई कर नीट में अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर उनका चयन चिकित्सा क्षेत्र में एमबीबीएस के लिए राजमाता देवेंद्र कुमारी सिहदेव गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के लिए हुआ है। छोटे से गांव दतान प से निकले मनीष वर्मा जो सामान्य परिवार से आते हैं वर्तमान में वह नगर पंचायत पलारी के वार्ड नंबर 11 निवासरत मनीष वर्मा ने सिमित संसाधन में भी यह मुकाम हासिल किया है, उन्होंने दिनरात एककर ऑनलाइन पढ़ाई के जरिए नीट पेपर में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर एमबीबीएस के लिए चयनित हुए, उन्होंने नीट में 531 तक लाकर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है।



फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केंद्र, बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जीता लोगों का दिल

धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी, दही हांडी व बाल उत्सव में उमड़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पलारी नगर के बाजार चौक में शुक्रवार को भव्य दही हांडी प्रतियोगिता एवं बाल उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास, उमंग और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम स्थल पर श्रीकृष्ण भक्ति का वातावरण देखने को मिला और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से बाजार चौक गूंजता रहा। आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और जन्माष्टमी की परंपरा को जीवंत करते हुए विभिन्न मनोरंजक एवं आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें दही हांडी प्रतियोगिता, आंख बंद मटका फोड़ प्रतियोगिता तथा 1 से 8 वर्ष तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों और मासूम अदाओं ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।बच्चों के लिए आकर्षक इनाम एवं शानदार पुरस्कार रखे गए थे। अभिभावकों में भी अपने बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल कराने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जोड़ने का सुंदर प्रयास किया गया। कार्यक्रम के आयोजक यशवर्धन मोनू वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी प्रतिभागियों, बच्चों, अभिभावकों, युवाओं, अतिथियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सेवक वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा, जिला संयोजक आईटी सेल नेतरंजन निर्मलकर, भाजयुमो अध्यक्ष प्रमोद देवांगन, रवि श्रीवास्तव, योगेश योगी वर्मा, गौतम यादव, संजू वर्मा, गोविन्द जायसवाल,मनीष दुबे,ओमेश वर्मा, पार्षद भूषण ठेठवार, देवेन्द्र वर्मा, हीरादास रात्रे, तुका वर्मा, पत्रकार रज्जाक खान, विष्णु यादव, घनश्याम वर्मा, साकेत वर्मा, दुर्गेश यादव एवं शांति नगर ग्रुप, बाजार ग्रुप के सदस्यगण उपस्थित रहे।





सिमगा में सर्व यादव समाज ने मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



सिमगा। सर्व यादव समाज द्वारा सिमगा में कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। सबसे पहले राधा कृष्ण मंदिर में पूजा पाठ करके सैकड़ो की संख्या में बाइक रैली निकाली गई। सभी 15 वार्डो में दही लूट का कार्यक्रम किया गया। साथ ही साथ अखाड़ा का भी कार्यक्रम रखा गया। तत्पश्चात राधा कृष्ण मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान जय स्तंभ चौक सिमगा में मटका फोड़ व अखाड़ा का आयोजन किया गया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी पूरे सिमगा नगर में कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बाइक रैली सबसे पहले सोनकर पारा किला पारा फोकट पारा टीहू पारा शंकर नगर चुचरूंगपुर एवं भवानी नगर होते हुए राधा कृष्ण मंदिर में समाप्त हुआ।

शिक्षक कॉलोनी में गूंजा 'नंद के घर आनंद भयो'

खरोरा। नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 14 स्थित शिक्षक कॉलोनी, गांधी चौक में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़, जलेबी दौड़, गुब्बारा फोड़, खुशी दौड़ और दही फोड़ सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में सजकर पहुंचे, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। नन्हे राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के भक्तिमय भजनों और नृत्य की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में भक्ति का रंग भर दिया। उनकी प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु मंत्रमुग्ध नजर आए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वार्डवासियों ने सामूहिक आरती की। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन ने वार्ड में आपसी प्रेम, भाईचारे और धार्मिक सौहार्द का सुंदर संदेश दिया। जन्माष्टमी उत्सव को लेकर बच्चों और वार्डवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।



मटकी फोड़ और स्लो साइकिल रेस में दिखा युवाओं का उत्साह

गोपालपुर। गांव के नव युवक संगठन ने नागीन चौक मे जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जो प्रथम वर्ष रहा, इस पावन पर्व के शुभ अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चे को कृष्ण राधा के रूप में सजाया गया था। जो दर्शनीय व मनमोहक रहा। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जैसे मटकी फोड़, स्लो साईकिल रेस, आंख मुंद मटका फोड़। जो नवयुवक संगठन का निर्णय सर्व मान्य रहा। मटकी फोड़ (20) फिट के प्रथम विजेता रवि ग्रुप ईनाम 555 रुपए, मटकी फोड़ (15) फिट के प्रथम विजेता कबीर ग्रुप ईनाम 555 रुपए, मटकी फोड़ (10) फिट के प्रथम विजेता रोशनी व गीतीका ग्रुप ईनाम 555 रुपए, स्लो साईकिल रेस के प्रथम विजेता गोपी साहू ईनाम 333 रुपए आंख मुंद मटकी फोड़ के विजेता दिनेश कुमार साहू 333 रुपए ऐसी कार्य क्रम को देखने के लिए आस पास के लोग देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हुआ था जो क्षेत्र में चर्चा के विषय रहा। पुलिस थाना सरसींवां के स्टाफ ने साइबर ठगी से सवधान रहने के लिए सतर्क किया। क्योंकि क्षेत्र में अनेक लोगों ने ठगी के शिकार हो रहे हैं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और शिक्षक दिवस की धूम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



गिरसा नाला। क्षेत्र के प्रसिद्ध अंग्रेजी माध्यम स्कूल, विश्व भारती इंपीरियल पब्लिक स्कूल रोहिना में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से प्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व और शिक्षक दिवस माना गया, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थी श्रृष्टि के पालनहार भगवान श्री कृष्ण, राधा रानी, सुदामा की वेशभूषा में विद्यालय आए थे, साथ ही बच्चों के लिए विद्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दही हांडी फोड़, रस्साकस्सी, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ जैसे अनेक प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही विद्यालय में मटकी फोड़ का शानदार प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहा।



प्रतियोगिता पश्चात विजयी बच्चों को आकर्षक इनाम भी दिया गया। शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को सम्मान देकर उन्हें से आशीर्वाद लिए। बच्चों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। स्कूल प्राचार्या गंगा डाबर साहू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफल रहा। इस दौरान खगेश्वरी, रवि साहू, मर्नीराम टंडन, देवनारायण डहरिया, युगलमति साहू, विनय दास, वर्षा बंजारे, प्रीति सिदार, खुशबू साहू, सुष्मिता बंजारे, रामेश्वर यादव, वीधूलेखा भारती, आया दीपेश्वरी साहू सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सतबहनिया चौक में मनाई गई जन्माष्टमी

हिरमी रावन। ग्राम मोहरा के सतबहनिया चौक में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मोहल्लेवासियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मटकी फोड़ी। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं जन्माष्टमी से जुड़े प्रसंगों को याद किया गया। वहीं बच्चों और युवाओं द्वारा सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देर शाम तक चौक में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभीने मिलकर पर्व का आनंद लिया। ग्रामीण कार्तिक राम वर्मा ने बताया कि सतबहनिया चौक में इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष मोहल्लेवासियों के सहयोग से किया जाता है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ना तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से पर्व मनाने से गांव में सामाजिक एकता और सौहार्द का वातावरण बनता है।



जन्माष्टमी के अवसर पर हुए आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह रहा। बच्चों ने विशेष रूप से कार्यक्रमों का आनंद लिया। आयोजन के दौरान सतबहनिया चौक में देर रात तक रौनक बनी रही।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विजेताओं को मिले पुरस्कार

मुंडा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोहरौद में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया मटकी फोड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को नगदी ईनाम दिया गया। वहीं कक्षा चौथी से कुमारी धानी साहू को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित प्रधान पाठक राजमहत चैतूराम बार्वे, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक देवराम वर्मा, प्राथमिक शाला की शिक्षक बसंत कुमार वर्मा, भुवनेश्वर कौशल, ओमेशवरी साहू, राम विशाल पटेल, धर्मेंद्र साहू, लोकनाथ पटेल, विनोद कनौजिया, विपिन बंजारे, अमर दास गायकवाड, प्रदीप कश्यप, अवतिका का मन्नाडे व ग्रामवासी सम्मिलित रहे।




नन्हें कान्हा के रूप में सजे बालक ने मोहा मन

पलारी/कोसमंदी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ग्राम कोसमंदी में नन्हें बालक ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजकर सभी का मन मोह लिया। पीले वस्त्र, माथे पर तिलक, लाल पटका और गले में आभूषण धारण किए नन्हें कान्हा का रूप बेहद आकर्षक नजर आया।नन्हें बालक की मासूमियत और मनमोहक मुस्कान ने जन्माष्टमी के उत्सव में चार चांद लगा दिए। उनकी तस्वीर देखकर लोग भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की सुंदरता का अनुभव कर रहे हैं। ग्रामीणों ने नन्हें कान्हा को देखकर जय श्री कृष्ण के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि की कामना की।



कृष्ण-राधा की वेशभूषा में सजे

भटगांव। नगर में भगवान कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भटगांव में जगह-जगह मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृष्णा चौंक से भगवान और साथियों के वेशभूषा में रथ में सवार होकर नगर भ्रमण करते हुए। देवांगन मोहल्ला, सांई मंदिर चौक, राम मंदिर चौक, गांधी चौक, हाथी चौक, सभी जगहों पर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। चौंक चौराहे का मटका फोड़ते हुए वापस कृष्णा चौंक जहां 9:30 बजे अंतिम मटका फोड़ का आयोजन किया गया। नगर भटगांव में घर घर के बच्चे कोई कृष्ण बने तो कोई राधा बने दिखाई दिए, इसके अलावा नगर के राधा कृष्ण मंदिर प्रायः सभी मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। कहीं लड्डू गोपाल के लिए पालना तैयार किया गया था। तो कहीं सुबह से लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन किया जा रहा था। भटगांव के राधा कृष्ण मंदिर एवं धार्मिक स्थलों में देर रात तक पूजा अर्चना भजन कीर्तन चलता रहा।



पेज 11 के शेष

क्रमांक 175/2026, धारा 331(4),305(a), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं जप्ती: मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदेहियों पर नजर रखी गई। मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर 03 संदेही आरोपियों प्रेम देवार उर्फ पुसऊ देवार एवं विधि से संघर्षरत दो बालक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया संपूर्ण माल-मसरूका एवं घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल जप्त की गई। प्रकरण में आरोपियों को दिनांक 4 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है।

महिला से छेड़खानी ...

गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के साथ मारपीट की, जिससे पीड़िता को चोट आई। पीड़िता की शिकायत पर थाना गिधपुरी में अपराध क्रमांक 125/2026, धारा 74, 296, 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौका-घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी व गवाहों का कथन कलमबद्ध किया गया। आरोपी की पतासाजी के दौरान ज्ञात हुआ कि वह अपने मकान में छिपा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया और थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को दिनांक 5 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

मटका फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह



सेल। कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आला रे गोविंदा आला जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की रात 8 बजे ऊपर वाला मटकी प्रतियोगिता में युवाओं में मटका फोड़ आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। जन्माष्टमी का मुख्य आयोजन जोंक नदी के तट पर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में किया गया जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट, फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई थी जिसके दर्शन के लिए ग्राम के बच्चे महिलाएं युवतियां बुजुर्ग और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ढोलक-मंजीरे की थाप पर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की और नंद घर आनंद भयो जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। मटका फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह दिखाया।

नंद के घर आनंद भयो, धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

खरोरा। नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 8 स्थित शिक्षक कॉलोनी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वार्डवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मटका फोड़, जलेबी दौड़, गुब्बारा फोड़, खुशी दौड़ एवं दही फोड़ सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के भक्तिमय भजनों एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वार्डवासियों द्वारा सामूहिक आरती की गई ।





खबर संक्षेप



प्राथमिक शाला चौरेंगा में स्थानीय खेलों से नवाचार

सिमगा। विकासखंड सिमगा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चौरेंगा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप करके सीखना के अंतर्गत स्थानीय खेलों को पढ़ाई में स्थान दिया जा रहा है। प्रधान पाठक मनीराम साहू ने बताया कि वे स्वयं इसमें विशेष रुचि लेते हुए स्वयं के खर्च से स्थानीय खेल तिग्गड़, तिरी -पासा और भटकुल के लिए बढ़ई से खेल पाटा तैयार कर आकर्षक व रंगीन बनाया है। भटकुल खेल में जहां एक तरफ बच्चे मैंदान से गोंटियां उठाकर गिनते हैं तब गिनने का, जब गोटियों को बराबर संख्या में खंडों में भरते हैं तब भाग का,जब जीती हुई गोटियों का एक दूसरे से तुलना करते हैं तब घटाने और एक बच्चा दूसरे बच्चे के मुकाबले कितना गुना अधिक गोटियां जीतीं हैं तब गुणा अवधारणा को आसानी से समझ पाते हैं।

छड़िया स्कूल में बाल संसद की कैबिनेट बैठक



खरोरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में बाल संसद द्वारा कैबिनेट मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के विकास, स्वच्छता, शिक्षण व्यवस्था एवं विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आगामी कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में बाल संसद के नेतृत्व में विद्यालय द्वारा ग्राम भ्रमण कर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत तालाब एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की जाएगी। वहीं आगामी सोमवार को एनजीओ के सहयोग से विद्यालय में आयोजित होने वाले शिक्षक दिवस कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इसके अलावा विद्यालय परिसर की स्वच्छता, बेहतर शिक्षण व्यवस्था तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, भारती तांती एवं एनजीओ कार्यकर्ता चंद्रिका कोशले उपस्थित रहे। प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और निर्णय लेने का आत्मविश्वास विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। बच्चों को विद्यालय और समाज की जिम्मेदारियों से जोड़कर उनमें स्वच्छता, अनुशासन एवं सेवा की भावना विकसित की जा रही है। बाल संसद की सक्रिय भागीदारी से विद्यालय की व्यवस्थाओं में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख भी मिलेगी।

आयोजन : बिना समिति और चंदे के 88 साल से जारी है परंपरा: शिवरतन शर्मा

88वें श्री अखंड रामनाम सप्ताह की शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

धर्म नगरी भाटापारा में रविवार को आस्था, भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। 88 वर्षों से अनवरत चली आ रही श्री अखंड रामनाम सप्ताह की परंपरा के समापन अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा में पूरा नगर राममय हो गया। इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। दोपहर में श्री अखंड रामनाम मंडप से शुरू हुई यह विशाल शोभायात्रा रामसप्ताह चौक से,सदर बाजार, महासती मार्ग, हटरी बाजार होते हुए नगर के अन्य प्रमुख चौको से होकर देर रात मंडप स्थल पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भाटापारा, सिमगा, बिलाईगढ़, कसडोल सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों एवं रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित अन्य जिलों से आई लगभग 100 से अधिक भजन मंडलियों ने भाग लिया। शोभायात्रा के मंडप पहुंचने पर शिवरतन शर्मा ने रथ में विराजमान प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की। इस दौरान भक्ति का ऐसा रंग जमा कि शिवरतन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा खुद को रोक नहीं पाए। दोनों नेताओं ने हाथ में क्रमशः अलग -अगल भजन मंडलियों के साथ मांदर, ढोलक, मंजीरा झांझ लेकर रामधुन गाई और नृत्य किया।



सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता की मिसाल

इस आयोजन पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा का श्री अखंड रामनाम सप्ताह पूरे प्रदेश में एक अनोखी और गौरवशाली परंपरा है। उन्होंने कहा कि 88 वर्षों से चल रहे इस आयोजन के लिए कभी कोई औपचारिक समिति नहीं बनती, कोई चंदा इकट्ठा करने नहीं जाता। केवल 'जय सियाराम' के एक आह्वान पर पूरा नगर एकजुट हो जाता है। यह हमारी सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता की सबसे बड़ी मिसाल है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि श्री अखंड रामनाम सप्ताह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भाटापारा की आत्मा है। उन्होंने कहा की यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि 88 वर्षों से हमारे बुजुर्गों ने इस परंपरा को जीवित रखा है, भाटापारा नगर हमेशा से ही भक्ति और सेवा का नगर रहा है और इस परंपरा को आने वाली पीढ़ी तक ले जाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आनंद यादव, राकेश तिवारी, सुनील यदु, ओमप्रकाश रात्रे, मोहन बांधे, मथुरा यदु, महाबल बघेल, पवन वर्मा, नीरा साहू, योगेश अनंत, सहित नगर पालिका के पार्षद, सरपंच, जनपद सदस्य सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सेवा पंडालों से हुआ स्वाग



वहीं इस एतिहासिक आयोजन को लेकर शहर मे जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी गौरव राय के निर्देशन में चाक चौबध व्यवस्था की गई। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। लगभग 350 पुलिस जवानों का बल मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात किए गए थे। एडीशनल एसपी खोमन सिन्हा ने स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान सम्हाला, एसडीओपी तारेश साहू, शहर टीआई अमित पाटले, यातायात प्रभारी नरेश कांगे मेले की व्यवस्था में लगे हुए थे। शोभायात्रा गुजरने वाले मार्ग सहित शहर के अन्य स्थानों में भी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं मेले में चारो भीड़ का नजारा दिखा। लगभग एक लाख लोग इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हुए। वहीं गोविंद चौक से लेकर श्री महासती मंदिर मार्ग मे विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठन के द्वारा पंडाल लगा कर शोभायात्रा में आए भजन मंडलियों का स्वागत किया। वहीं पूरे शहर में जगह- जगह पोहा, भजिया, आलूगुंडा व भोजन की निःशुल्क व नाममात्र दरों में व्यवस्था की गई थी। वहीं बाहर से आए दुकानदारों की दुकानों में अच्छी खासी खरीदी लोगों ने की।

भाजपा सरकार की नीतियों के कारण रसोई का बजट बिगड़ा: सुमित्रा धृतलहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

देश-प्रदेश में बढ़ती महंगाई और चीनी के दामों में वृद्धि के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा ने गांधी चौक में एक दिवसीय चीनी सत्याग्रह एवं धरना प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि महंगाई चरम पर है और गरीब, मजदूर, किसान तथा आम नागरिक इससे परेशान हैं। पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

■ बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का चीनी सत्याग्रह

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु ने कहा कि चीनी समेत रसोई की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों का सीधा असर परिवारों के बजट पर पड़ रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि एथेनॉल नीति और गन्ने से संबंधित नीतियों का असर चीनी की उपलब्धता एवं कीमतों पर पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई पर नियंत्रण के वादे के बावजूद आम जनता को राहत नहीं मिली है।

इस दौरान पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, शकुंतला साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, परमेश्वर यदु, विद्याभूषण शुक्ला, विक्रम पटेल, प्रवीण सेन, दीपक साहू, लखेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। संचालन लखेश साहू ने किया।

एसपी सुनील शर्मा ने दिया साइबर सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शिक्षक दिवस के अवसर पर अशोका पब्लिक स्कूल, सारंगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा का जीवनोपयोगी पाठ पढ़ाया। उन्होंने सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

एसपी शर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी हर विद्यार्थी के लिए आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को अनजान लोगों से निजी जानकारी साझा नहीं करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने और ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को जानकारी देने की सलाह दी। संवादात्मक अंदाज में उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने एसपी के जनजागरूकता अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर एसडीओपी दीवान, आरआई जितेन्द्र चंद्रा, स्कूल संचालक राजेश अग्रवाल, अजेश अग्रवाल, प्राचार्य मिश्रा सहित शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने एसपी शर्मा का आभार जताया।



शिक्षक दिवस पर अल्ट्राटेक कुकुरदी ने शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के सीएसआर एवं एचआर विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुकुरदी में शिक्षक दिवस एवं वन अल्ट्राटेक डे का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 250 विद्यार्थियों और 10 शिक्षकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर गुलाल अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम कुकुरदी के सरपंच प्रतिनिधि गोपाल साह, अल्ट्राटेक सीमेंट की एचआर टीम से अन्वेषा पाणिग्रही, मेघना, पुरुषोत्तम एवं तामेश्वर तथा सीएसआर विभाग के प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा एवं दया वर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के महत्व के साथ शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और निरंतर सीखने की आवश्यकता के संबंध में प्रेरणादायक संदेश दिए। वन अल्ट्राटेक डे के अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विभिन्न संवादात्मक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं। अल्ट्राटेक टीम ने संगठन के मूल्यों, एकता, सहयोग और सामुदायिक विकास का संदेश विद्यार्थियों तक पहुंचाया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदाय के बीच सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज की आधारशिला हैं और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार ने अल्ट्राटेक कुकुरदी प्रबंधन, एचआर टीम एवं सीएसआर विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन शिक्षा के प्रति सम्मान, सामुदायिक सहभागिता और सकारात्मक सामाजिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने की दिशा में सार्थक पहल रहा।



सारंगढ़-बिलाईगढ़ में जिला इकाई गठित, नंदकिशोर बने जिलाध्यक्ष



बिलाईगढ़। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में भूमिहीन कृषि मजदूरों और पात्र हितग्राहियों के अधिकारों के लिए छत्तीसगढ़ भूमिहीन कृषि मजदूर संघ की जिला इकाई का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार सोनवानी के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री संजय सोनवानी ने 20 अगस्त को जिला कार्यकारिणी का गठन किया। संघ का उद्देश्य भूमिहीन मजदूरों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना, पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना तथा योजनाओं से अनुचित रूप से हटाए गए पात्र लोगों के मामलों को उठाना है। संगठन ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ से जोड़ने का भी प्रयास करेगा। बीमारी, दुर्घटना, दिव्यांगता अथवा अन्य संकट की स्थिति में सदस्यों को आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की बात कही गई है। जिला कार्यकारिणी में नंदकिशोर सारथी को जिलाध्यक्ष, वीरेंद्र जायसवाल, उत्तराबाई साहू, राजेंद्र कुमार चौहान व उर्वशी जायसवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जीतेन्द्र कुमार सोनी जिला मंत्री तथा तोषण कुमार बरेठ, मनोहर लाल कहार, रूप राम कुर्रे व जय कुमारी यादव सहमंत्री बनाए गए हैं। मनोज कुमार केंवट कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

श्री महासती मंदिर में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



भाटापारा। श्री महासती मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। नगर के भजन गायकों ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। छोटे- छोटे बच्चे कृष्ण, राधा के भेषभूषा में सजकर नाचते रहे। रात बारह बजते ही परिसर नन्द के आनंद भयो की गूंज से गूंजता रहा। कृष्ण बने बच्चों ने दही हांडी फोड़ माहौल को और भी रसपूर्ण बना दिया। पंडितों द्वारा वेदपाठ किया गया और सबको प्रसाद वितरित किया गया।

भरसेला संकुल में 54 विद्यार्थियों व 28 शिक्षकों का सम्मान



बलौदाबाजार। शिक्षक दिवस के अवसर पर संकुल केंद्र भरसेला में संकुल स्तरीय प्रतिभा एवं शिक्षक सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 54 प्रतिभावान विद्यार्थियों तथा उल्लेखनीय योगदान देने वाले 28 शिक्षकों को मेडल, प्रमाण-पत्र, स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ राजेंद्र टंडन रहे। अध्यक्षता बीआरसीसी गोपाल वर्मा ने की, जबकि संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मानित विद्यार्थियों में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित दो-दो विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अलावा कक्षा पांचवीं के 40, आठवीं के 5 तथा दसवीं के 5 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मान हासिल किया। बीईओ राजेंद्र टंडन ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीआरसीसी गोपाल वर्मा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा ने विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपलब्धियों को संकुल के लिए गौरव बताया। संकुल समन्वयक अमित अवस्थी ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य प्रतिभाओं को पहचान देने के साथ अन्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। मंच संचालन शिक्षिका भारती पाण्डेय ने किया। समारोह में संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं अन्य उपस्थितजन शामिल हुए।

शिक्षा और संस्कृति ही समाज की प्रगति का आधार: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

कमलवंशी कंवर समाज नरधा राज के तत्वावधान में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शिवरीनारायण में हर्षोल्लास, भक्ति एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से नगर में आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पारंपरिक नृत्य करमा तथा डीजे की धुन पर थिरकते रहे । शोभायात्रा के पश्चात मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान हैछात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं पत्रकारों का भी समाज की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ क्षेत्र की विधायक कविता प्राण लहरे रही उनकी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह का उत्साह और बढ़ गया। बड़ी संख्या में समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे समारोह स्थल खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विधायक कविता प्राण



लहरे ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की आत्मीय शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने तथा सदैव धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कर्मयोग का महान संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि कमलवंशी समाज अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज सम्मानित किए गए प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए समाज और देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं और पत्रकार हुए सम्मानित

विधायक लहरे ने अभिभावकों से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने तथा विशेष रूप से बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए वे सदैव सहयोग के लिए तत्पर हैं। समारोह के अंत में समाज के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि विधायक कविता प्राण लहरे को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने समाज में आपसी भाईचारे, सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक संरक्षण तथा नई पीढ़ी को शिक्षा और सफलता के लिए प्रेरित करने का सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष नारायण सिंह धनसीर, उपाध्यक्ष तोरन सिंह कंवर नरधा, अर्जुन सिंह कंवर बुन्देला, सचिव फुलेश्वर कंवर सेल, कोषाध्यक्ष रामहरि कंवर खर्रा, संयुक्त सचिव पुनीराम कंवर मिरगीदा, प्रवक्ता सखाराम कमलवंशी बिलारी, मदनलाल तोमर धनसीर, देवकुमार तोमर धनसीर, संरक्षक टीकाराम कंवर धनसीर एवं लक्ष्मण सिंह कंवर बिलारी सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन समाज के अध्यक्ष नारायण सिंह तोमर ने की ।



